भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्याः 1469**
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024 (बुधवार)
9 श्रावण, 1946 (शक)

**प्रश्न**

**पीएम-डिवाइन के अंतर्गत परियोजनाएं**

**1469. श्री हैबी ईडनः**
**श्री सुखदेव भगतः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधान मंत्री की पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास पहल (पीएम-डिवाइन) योजना के अंतर्गत वर्ष 2022 में इसकी शुरुआत से लेकर अब तक स्वीकृत सभी परियोजनाओं का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और इनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) अक्तूबर 2022 से मई 2024 के बीच पीएम-डिवाइन योजना के लिए आवंटित और उपयोग किए गए बजट का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इन परियोजनाओं के पूरा होने में विलंब हुआ है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) अक्टूबर 2022 में इसके आरंभ से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री की विकास पहल (पीएम-डिवाइन) स्कीम के तहत 24.07.2024 तक 4,502.46 करोड़ रुपये की कुल 31 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) इन 31 परियोजनाओं में से 121.21 करोड़ रुपये की लागत वाली दो परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं। पीएम-डिवाइन स्कीम के अंतर्गत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निर्धारित परियोजना-वार लक्ष्य और स्वीकृत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति **अनुबंध-II** में दी गई है।

(ग) आवंटित बजट और उपयोग का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

| **वर्ष** | **आवंटित बजट** | **उपयोग किया गया बजट** |
|---|---|---|
| 2022-23 | 400 | 121.19 |
| 2023-24 | 2200 | 10.56 |
| 2024-25 | 856.24 * | 17.40 ** |

* लेखानुदान

** 24.07.2024 तक।

(घ) दिनांक 24.07.2024 की स्थिति के अनुसार पीएम-डिवाइन के तहत चल रही कोई भी परियोजना विलंबित नहीं है।।

*****

**<u>अनुबंध-I</u>**

**<u>दिनांक 31-07-2024 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1469 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध</u>**

**पीएम-डिवाइन के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की राज्य-वार और वर्ष-वार स्थिति (24.07.2024 तक)**

| वित्त वर्ष | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य /अन्य एजेंसी | परियोजनाओं की संख्या | लागत (करोड़ रु. में) | परियोजनाओं की संख्या | लागत (करोड़ रु. में) | परियोजनाओं की संख्या | लागत (करोड़ रु. में) | परियोजनाओं की संख्या | लागत (करोड़ रु. में) |
| | | | | | | | | |
| अरुणाचल प्रदेश | -- | -- | -- | -- | 1 | 217.19 | 1 | 217.19 |
| असम | 1 | 132.86 | 3 | 1269.64 | -- | -- | 4 | 1402.5 |
| मणिपुर | -- | -- | 3 | 244.63 | 1 | 70.00 | 4 | 314.63 |
| मेघालय | -- | -- | 2 | 273.73 | -- | -- | 2 | 273.73 |
| मिजोरम | 1 | 100.00 | 1 | 500.00 | -- | -- | 2 | 600.00 |
| नागालैंड | 1 | 180.00 | 1 | 132.37 | 2 | 64.5 | 4 | 376.87 |
| सिक्किम | 2 | 121.21 | 2 | 272.00 | -- | -- | 4 | 393.21 |
| त्रिपुरा | -- | -- | 4 | 561.00 | -- | -- | 4 | 561.00 |
| अन्य एजेंसी | 2 | 111.99 | 2 | 183.9 | 2 | 67.44 | 6 | 363.33 |
| **कुल** | **7** | **646.06** | **18** | **3437.27** | **6** | **419.13** | **31** | **4502.46** |
| | | | | | | | | |

*****

**अनुबंध-II**

**दिनांक 31-07-2024 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1469 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**पीएम-डिवाइन स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति**

**(24-07-2024 तक)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | राज्य/ एजेंसी | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | समापन तिथि/ निर्धारित समापन तिथि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना | अरुणाचल प्रदेश | 217.19 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| 2 | कामरूप जिले में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में 20 स्कूलों का रूपांतरण | असम | 132.86 | 31-11-2025 | कार्य सौंपा गया |
| 3 | गुवाहाटी में राजधानी क्षेत्र में मां कामाख्या एक्सेस कॉरिडोर का विकास | असम | 498.37 | 15-03-2025 | कार्य सौंपा गया |
| 4 | एलजीबी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ने वाली मौजूदा 2 लेन सड़क को 4 लेन सड़क में अपग्रेड/चौड़ा करना - वीआईपी जंक्शन से धारापुर जंक्शन तक, जिसमें (i) धारापुर में 4 लेन ग्रेड पृथक जंक्शन (ii) एसओएस जंक्शन से मौजूदा टर्मिनल भवन तक 2 लेन की एक्सेस सड़क और (iii) मौजूदा टर्मिनल भवन से 2 लेन का अस्थायी निकास शामिल है। | असम | 271.45 | 26-02-2026 | कार्य सौंपा गया |
| 5 | असम के शिवसागर जिले में मेडिकल कॉलेज (100 प्रवेश) का निर्माण | असम | 499.82 | 15-03-2025 | कार्य सौंपा गया |
| 6 | मणिपुर तकनीकी विश्वविद्यालय (एमटीयू), इम्फाल पश्चिम जिले के लिए अवसंरचना विकास | मणिपुर | 54.16 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| 7 | इम्फाल के मंत्रिपुखरी में मणिपुर आईटी एसईजेड के प्रसंस्करण क्षेत्र की अवसंरचना का विकास | मणिपुर | 120.00 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| 8 | मणिपुर में 60 बिस्तरों वाले राज्य मानसिक अस्पताल का निर्माण और सुसज्जितकरण | मणिपुर | 70.47 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| 9 | धनमंजुरी विश्वविद्यालय (डीएमयू) के लिए अवसंरचना का विकास | मणिपुर | 70.00 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| 10 | पश्चिमी गारो हिल्स जिले के तुरा में आईटी पार्क का | मेघालय | 126.94 | 29-02-2026 | कार्य |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | निर्माण | | | | सौंपा गया |
| 11 | न्यू शिलांग टाउनशिप में नई चार-लेन सड़क का निर्माण और मौजूदा दो-लेन सड़क को साइकलिंग ट्रैक, यूटिलिटी डक्ट्स, फुटपाथ आदि के साथ चार-लेन में बदलना | मेघालय | 146.79 | 31-10-2025 | कार्य सौंपा गया |
| 12 | पश्चिमी ओर आइजोल बाईपास सड़क का निर्माण | मिजोरम | 500.00 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| 13 | मिजोरम राज्य के विभिन्न जिलों में विभिन्न स्थानों पर बांस लिंक सड़कों के निर्माण के लिए पायलट परियोजना - (i) 33.58 करोड़ रु. की लागत से तुइरियल एयरफील्ड से उत्तरी चल्त्लांग (18 किमी) और (ii) 66.42 करोड़ रू. की लागत से लेंगपुई से सैफल बांस बागान (41 किमी) | मिजोरम | 100.00 | 31-03-2025 | कार्य सौंपा गया |
| 14 | नागालैंड में संबद्ध लाइनों के साथ त्सित्रोंगसे-दीमापुर में 220/132 केवी (2x100 एमवीए) और 132/33 केवी (2x50 एमवीए) सब-स्टेशन का निर्माण | नागालैंड | 132.37 | 16-10-2026 | कार्य सौंपा गया |
| 15 | पूर्वी नागालैंड के विशेष विकास से संबंधित आजीविका परियोजनाएं | नागालैंड | 180.00 | 20-12-2025 | कार्य सौंपा गया |
| 16 | सीआईएचएसआर में रेडिएशन ओन्कोलॉजी सेंटर का उन्नयन | नागालैंड | 34.50 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| 17 | पॉलिटेक्निक में शैक्षिक अवसंरचना/सुविधा विकास | नागालैंड | 30.00 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| **18** | **पश्चिम सिक्किम में पेलिंग से सांगा-चोएलिंग तक यात्री रोपवे प्रणाली के लिए गैप फंडिंग - 108.39 करोड़ रुपये की कुल लागत में से 63.39 करोड़ रुपये (58%) की लागत पर।** | **सिक्किम** | **63.39** | **15-05-2024** | **पूर्ण** |
| **19** | **दक्षिण सिक्किम में धापर से भालेदुंगा तक पर्यावरण के अनुकूल यात्री रोपवे (केबल कार) के लिए गैप फंडिंग - 209.57 करोड़ रु. की कुल लागत में से 57.82 करोड़ रु. (28%) की लागत पर।** | **सिक्किम** | **57.82** | **25-02-2023** | **पूर्ण** |
| 20 | सिंगशोर ब्रिज का ग्लास स्काईवॉक ब्रिज के रूप में रूपांतरण | सिक्किम | 52.00 | 11-03-2026 | कार्य सौंपा गया |
| 21 | दक्षिण सिक्किम के यांगंग के भालेधुंगा में स्काईवॉक परियोजना | सिक्किम | 220.00 | 11-03-2026 | कार्य सौंपा गया |
| 22 | एजीएमसी और जीबीपी अस्पताल में 200 बेड वाले | त्रिपुरा | 192.09 | – | कार्य नहीं |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | एमसीएच (मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य) विंग की स्थापना | | | | सौंपा गया |
| 23 | त्रिपुरा सरकार द्वारा अगरतला में डेंटल कॉलेज की स्थापना | त्रिपुरा | 202.00 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| 24 | त्रिपुरा सरकार के विद्युत विभाग द्वारा त्रिपुरा में दूरदराज की बस्तियों को निर्बाध विद्युत की आपूर्ति के लिए सौर माइक्रो ग्रिड की स्थापना | त्रिपुरा | 80.79 | 15-09-2025 | कार्य सौंपा गया |
| 25 | नशे के आदी व्यक्तियों के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्र की स्थापना | त्रिपुरा | 86.12 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| 26 | नैक्टर आजीविका सुधार परियोजना (बहु-राज्य) - मूल्य-वर्धित उत्पादों के लिए केले के स्यूडो स्टेम का उपयोग | नैक्टर | 67.00 | 28-02-2026 | कार्य सौंपा गया |
| 27 | पूर्वोत्तर भारत (बहु-राज्य) में वैज्ञानिक जैविक कृषि को बढ़ावा देना | नैक्टर | 44.99 | 28-02-2026 | कार्य सौंपा गया |
| 28 | टेक सिटी, गुवाहाटी में अन्य सरकारी एजेंसियों के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी) में डिजिटल डिजाइन और 3डी प्रिंटिंग उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव | एमट्रॉन | 54.90 | 30-09-2024 | कार्य सौंपा गया |
| 29 | पूर्वोत्तर भारत, गुवाहाटी में शिशु चिकित्सा और वयस्क हेमेटोलिम्फोइड कैंसर के प्रबंधन के लिए समर्पित सेवाओं की स्थापना | बीबीसीआई | 129.00 | 31-03-2026 | कार्य सौंपा गया |
| 30 | डॉ. बी. बरुआ कैंसर संस्थान (बीबीसीआई), गुवाहाटी, असम में कौशल विकास केंद्र | बीबीसीआई | 35.12 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| 31 | विश्व की सबसे अनोखी मिट्टी के बर्तन बनाने की कला मणिपुर की लोंगपी ब्लैक पॉटरी को बढ़ावा देने के लिए एक कलाकार गांव की स्थापना। | एनईएचएचडीसी | 32.32 | – | कार्य नहीं सौंपा गया |
| | **कुल** | | **4502.46** | | |

*****